अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

25 NOV. 2023

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. हर साल 24 नवंबर को गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस मनाया जाता है**



- वह सिख धर्म के नौवें गुरु हैं। उनके शहादत दिवस को हर साल शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- आज ही के दिन 1675 में मुगल बादशाह औरंगजेब ने इस्लाम अपनाने से इनकार करने पर दिल्ली में उनकी हत्या कर दी थी।
- उन्होंने अपने अनुयायियों को कमजोरों की रक्षा करना सिखाया, जान की कीमत पर भी।
- उन्होंने सिखाया कि लालच पर काबू पाने के लिए आध्यात्मिकता का मार्ग अपनाना होगा।
- **गुरु तेग बहादुरः**
- उनका जन्म अप्रैल 1621 में पंजाब के अमृतसर में हुआ था। उन्होंने पंजाब में आनंदपुर साहिब शहर का निर्माण कराया।
- उन्हें 'हिंद दी चादर के नाम से भी जाना जाता था, जिसका अर्थ है 'भारत की ढाल ।
- दिल्ली में गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब गुरु तेग बहादुर का दाह संस्कार स्थल है।

**2. बंगाल की खाड़ी के बेसिन में चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' आने वाला है**



- चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' बंगाल की खाड़ी में इस साल का चौथा और भारतीय जल निकायों में छठा तूफान है।
- इसके भारत, बांग्लादेश और म्यांमार के कुछ हिस्सों पर असर पड़ने की संभावना है।
- संख्यात्मक मॉडल के अनुसार, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण और अधिक तूफान आने की आशंका है।
- चक्रवाती तूफान 'मिचौंग थाईलैंड की खाड़ी से उत्पन्न हुआ है।
- ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश चक्रवाती तूफानों के प्रति अधिक संवेदनशील हैं।
- 'मिचौंग' नाम म्यांमार द्वारा सुझाया गया है।
- चक्रवात आमतौर पर अप्रैल और दिसंबर के बीच के महीनों में बनते हैं। चक्रवाती स्थितियों में प्री-मॉनसून चरम मई में होता है जबकि मॉनसून के बाद नवंबर में यह चरम पर होता है।

**3. दुनिया के पहले 3डी-प्रिंटेड मंदिर का अनावरण तेलंगाना में किया**



- दुनिया का पहला 3डी-प्रिंटेड मंदिर सिद्दीपेट जिले के बुरुगुपल्ली में स्थित एक अभूतपूर्व संरचना है।
- तीन महीने की 3डी प्रिंटिंग प्रक्रिया के माध्यम से हासिल किया गया अभिनव निर्माण, एक महत्वपूर्ण तकनीकी मील का पत्थर है।
- 4,000 वर्ग फीट में फैला और 35.5 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर के तीन अलग-अलग हिस्से हैं।
- विशेष रूप से, मंदिर में तीन गर्भगृह हैं, प्रत्येक एक अलग देवता को समर्पित है।
- इन गर्भगृहों में भगवान गणेश को समर्पित एक मोदक, भगवान शंकर को समर्पित एक चौकोर शिवालय और देवी पार्वती के लिए एक कमल के आकार का अभयारण्य शामिल है।

**4. डॉ देबाशीष भट्टाचार्य को नेशनल मेटलर्जिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया**




- इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित एक आयोजित कार्यक्रम में नेशनल मेटलर्जिस्ट अवॉर्ड्स 2022 प्रदान किये गए.
- इसमें डॉ देबाशीष भट्टाचार्य को नेशनल मेटलर्जिस्ट अवॉर्ड (National Metallurgist Award) से सम्मानित किया गया.

- वहीं डॉ निलोय कुंडू को युवा मेटलर्जिस्ट (पर्यावरण) पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
- साथ ही डॉ. कामाची मुदाली उथांडी को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

**5. आईसीसी ने मेजबानी की जिम्मेदारी दक्षिण अफ्रीका को सौंपी**



- श्रीलंका क्रिकेट में प्रशासनिक अनिश्चितता को देखते हुए आईसीसी बोर्ड ने यह फैसला लिया है।
- अहमदाबाद में हुई बैठक में इस बारे में फैसला लिया गया।
- अंडर-19 विश्व कप का आयोजन श्रीलंका में 14 जनवरी से 15 फरवरी के बीच होने वाला था।
- आईसीसी ने दक्षिण अफ्रीका को मेजबानी तो सौंपी है, लेकिन उसने तारीखों में बदलाव नहीं किया है।
- दक्षिण अफ्रीका में 10 जनवरी से 10 फरवरी एसए टी20 (SA20) टूर्नामेंट का आयोजन भी होना है।

**6. न्यायमूर्ति बिबेक चौधरी ने पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली**



- न्यायमूर्ति बिबेक चौधरी ने पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है.
- राजभवन में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की उपस्थिति में पद की शपथ दिलाई.
- अपना वर्तमान कार्यभार संभालने से पहले, न्यायमूर्ति चौधरी कलकत्ता उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे.

**7. भारत और नेपाल के बीच संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण' आयोजित किया**




- भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच 17वें संयुक्त सैन्याभ्यास सूर्य किरण का आयोजन उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में किया जा रहा है.
- इसमें भाग लेने के लिए 334 सैन्य कर्मियों वाली नेपाल सेना की एक टुकड़ी भारत पहुंची है.
- यह अभ्यास 24 नवंबर से 07 दिसंबर 2023 तक चलेगा.
- यह एक वार्षिक सैन्याभ्यास है और इसका आयोजन दोनों देशों में बारी-बारी से किया जाता है.

**8. आईएसआर ने अधिक उपज देने वाली काली मिर्च की 'चंद्रा' किस्म को विकसित किया**



- कोझिकोड में भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) ने कृषि के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए काली मिर्च की एक नई किस्म को विकसित किया है, जिसे 'चंद्रा' (Chandra) नाम दिया गया है.
- आईआईएसआर की अनुसंधान टीम ने काली मिर्च की दो अलग-अलग किस्मों - चोलामुंडी (Cholamundi) और थॉम्मनकोडी के क्रॉस से 'आईआईएसआर चंद्रा' का विकास किया है.

**9. डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले चौथे भारतीय बने**

- 
- मुंबई स्थित इस्लाम के दाऊदी बोहरा संप्रदाय के प्रमुख डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित किया जाएगा.
- वह पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले चौथे भारतीय बन जाएंगे.
- मोरारजी देसाई पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय थे.

**10. जोसेफ बोकाई ने जीता राष्ट्रपति चुनाव : लाइबेरिया**

- 
- जोसेफ बोकाई ने अफ्रीकी देश लाइबेरिया के राष्ट्रपति पद के चुनाव जीत लिए हैं।
- अब वे मौजूदा राष्ट्रपति जॉर्ज विया की जगह लेंगे।
- लाइबेरिया के चुनाव आयोग ने मतपत्रों की गिनती के बाद विजेता की घोषणा की।
- चुनाव आयोग के अध्यक्ष डेविडेटा ब्राउन लांसना ने कहा कि बोकाई ने 50.64 प्रतिशत वोटों से जीत दर्ज की है।
- वहीं, उनके प्रतिद्वंदी स्टार वेह को 49.36 प्रतिशत ही वोट मिले। बता दें, बोकाई ने 20,567 वोटों के अंतर से जीत अपने नाम की है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस हर साल 24 नवंबर को मनाया जाता है। वह सिख धर्म के ___ गुरु हैं।**
(a) 7 वें
(b) 8 वें
(c) 9 वें
(d) 10 वें

**2. चक्रवाती तूफान 'माइचौंग', में आने वाला है।**
(a) बंगाल की खाड़ी
(b) हिंद महासागर
(c) प्रशांत महासागर
(d) अटलांटिक महासागर

**3. दुनिया के पहले 3डी-प्रिंटेड मंदिर का अनावरण किस राज्य में किया गया है।**
(a) तमिलनाडु
(b) महाराष्ट्र
(c) तेलंगाना
(d) ओडिशा

**4. नेशनल मेटलर्जिस्ट अवॉर्ड से किसे सम्मानित किया गया है?**
(a) डॉ. रामेश्वर साह
(b) डॉ देबाशीष भट्टाचार्य
(c) डॉ. निलोय कुंडू
(d) डॉ. अगिलान मुथुमनिकम

**5. हाल ही में U-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी कौन करेगा?**
(a) श्री लंका
(b) दक्षिण अफ्रीका
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) इनमें से कोई नहीं

**6. न्यायमूर्ति बिबेक चौधरी ने किस उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है?**
(a) पटना उच्च न्यायालय
(b) इलाहाबाद उच्च न्यायालय
(c) गुवाहाटी उच्च न्यायालय
(d) दिल्ली उच्च न्यायालय

**7. संयुक्त सैन्याभ्यास 'सूर्य किरण' भारत और किस देश के बीच आयोजित किया जाता है?**
(a) श्रीलंका
(b) भूटान
(c) बांग्लादेश
(d) नेपाल

**8. आईएसआर ने अधिक उपज देने वाली काली मिर्च की किस्म को विकसित किया है, उसे क्या नाम दिया गया है?**
(a) 'चंद्रा'
(b) 'सूरज'
(c) 'धर्म'
(d) 'जल'

**9. पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले चौथे भारतीय कौन बने है?**
(a) ए आर रहमान
(b) डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन
(c) मोहम्मद हामिद अंसारी
(d) इनमें से कोई नहीं

**10. हाल ही में 'जोसेफ बोकाई' (Joseph Boakai) ने किस देश के राष्ट्रपति का चुनाव जीता हैं?**
(a) लाइबेरिया
(b) घाना
(c) इंडोनिशया
(d) कंबोडिया

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (a) | (c) | (b) | (b) | (a) | (d) | (a) | (b) | (a) |